राम तुम बड़े कृपालु हो शाम तुम बड़े दयालु हो

राम तुम बड़े कृपालु हो, शाम तुम बड़े दयालु हो ।
नाथ तुम बड़े दयालु हो,प्रभु जी तुम बड़े कृपालु हो ॥

और न कोई हमारा है, मुझे इक तेरा सहारा है ।
कि नईया डोल रही मेरी,प्रभु जी तुम करो न अब देरी ॥

तेरा यश गाया वेदों ने, पार नहीं पाया वेदों ने ।
नेती नेती गाया वेदों ने, सदा ही धिआया वेदों ने ॥

भले हैं बुरे हैं तेरे हैं, तेरी माया के घेरे हैं ।
चरण के हम सब चेरे हैं, प्रभु जी हम बालक तेरे हैं ॥

तुम्हारा नाम मिले भगवन, सुबह और शाम मिले भगवन ।
भक्ति का दान मिले भगवन, कि आठों याम मिले भगवन ॥

सहारा भक्तों के हो आप, मिटाते हो सब के संताप ।
करें जो भक्ति भाव से जाप, मिटे सब जन्म जन्म के पाप ॥

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/1241/title/ram-tum-bade-karpalu-ho-shyam-tum-bade-dayalu-ho

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |